# सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया

## वल्लभ भवन के सरदार पटेल पार्क में यूनिटी मार्च को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 11 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आधुनिक भारत के निर्माण में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही. सरदार पटेल ने अनेकों रियासतों को एक करते हुए अखंड भारत की नींव रखी. उन्होंने देश की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोया. आजादी के समय सरदार पटेल ने पाकिस्तान की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए देश को सुरक्षित रखा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया के सामने जिस मजबूती के साथ खड़ा है, उसमें सबसे बड़ी भूमिका सरदार पटेल की रही है. सरदार पटेल की 150वीं जयंती से उनके गौरवशाली कार्यों का स्मरण करने के लिए प्रदेश में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर एक भारत-आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के साथ भोपाल-सीहोर लोकसभा क्षेत्र में निकाले जा रहे यूनिटी मार्च को वल्लभ भवन के सरदार पटेल पार्क में संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और पुलिस बैंड द्वारा बजाई जा रही देशभक्ति गीतों की धुनों के बीच आसमान में तिरंगे बैलून छोड़े. सामूहिक समवेत स्वर में वंदे मातरम का गान हुआ. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झंडी दिखाकर यूनिटी मार्च को रवाना किया. यूनिटी मार्च में 2 हजार से अधिक युवाओं ने भाग लिया.




### मप्र उद्योगों के लिए निवेश-अनुकूल वातावरण तैयार करने का कर रहा कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश उद्योगों को प्रोत्साहित करने और निवेश-अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने औद्योगिक विकास को नई दिशा दी है और सभी राज्यों को नवीन उद्योगों की स्थापना के लिए प्रेरित किया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को नई दिल्ली में सुषमा स्वराज भवन में आयोजित 'उद्योग समागम' को संबोधित कर रहे थे. कार्यक्रम में मध्यप्रदेश को बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान बीआरएपी-2024' के अंतर्गत चार बिजनेस सेंट्रिक रिफॉर्म क्षेत्रों में टॉप अचीवर स्टेट के रूप में सम्मानित किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह पुरस्कार केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल से प्राप्त किया. यह सम्मान राज्य की पारदर्शी औद्योगिक नीतियों और निवेशकों में विश्वास के वातावरण का प्रतीक है.

### आज लाड़ली बहनों को मिलेगी 1500 की राशि

प्रदेश की लाड़ली बहनों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का किया हुआ वादा 12 नवम्बर 2025 को पूरा होने जा रहा है. एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को सिवनी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बढ़ी हुई राशि उनके खाते में अंतरित की जायेगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रत्येक लाड़ली बहना के खाते में 1500 रूपये देने की शुरूआत करेंगे.

### 562 रियासतें की थी विलय

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों का विलय कर अखंड भारत की नींव रखी. भारत 1947 में अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हो गया था लेकिन भोपाल सहित जूनागढ़ और हैदराबाद जैसी कई रियासतों ने भारत में शामिल होने से इनकार किया. इसके बाद इन रियासतों को अखंड भारत का हिस्सा बनाने में सरदार पटेल की अहम भूमिका रहीं थी.

## ऑनलाइन दुनिया उपयोगी भी और खतरनाक भी: वर्मा

**जबलपुर.** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत विधिक जागरुकता शिविर लगाया गया.

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय वीएफजे, शोभापुर एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय, करौंदीग्राम, रांझी में शक्ति वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बच्चों को समझाया कि इंटरनेट मीडिया का उपयोग सोच-समझकर करना चाहिए.

उन्होंने कहा कि आनलाइन दुनिया उपयोगी भी है और खतरनाक भी है. इस पर निर्भर करता है कि हम इसका इस्तेमाल कैसे करते हैं. उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे फेक न्यूज से दूर रहें, निजी जानकारी साझा न करें और पढ़ाई को प्राथमिकता दें. बच्चों को बताया कि कानून किसी भी प्रकार के यौन शोषण, उत्पीड़न या अनुचित छेड़छाड़ से उनकी सुरक्षा करता है. उन्होंने निर्देश दिया कि यदि कोई उन्हें असहज महसूस कराए या गलत व्यवहार करे, तो वे निर्भय होकर माता-पिता, शिक्षक या पुलिस से मदद ले सकते हैं. उन्होंने छात्राओं को पीड़ित प्रतिकार योजना और निश्शुल्क विधिक सहायता हेतु नालसा टोल फ्री नंबर 15100 और आनलाइन आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी.

# संगठन में कोई कार्यकर्ता छोटा बड़ा नहीं, दायित्व महत्वपूर्ण

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 11 नवंबर. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के पितृ पुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा का पदभार ग्रहण कराया.**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने पदभार ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के हित के सभी कार्य भाजपा सरकारों ने किए हैं. किसानों को उनकी उपज के उचित मूल्य और समर्थन मूल्य देने का कार्य भाजपा सरकारों ने किया है. कांग्रेस ने तो किसानों को गोलियों से भूनने का कार्य किया था. किसान मोर्चा किसानों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाकर उनका समाधान कराने की दोहरी जिम्मेदारी निभाए. भाजपा सरकार किसानों के लिए भावांतर सहित जीरो प्रतिशत ऋण सहित अनेकों योजनाएं चला रही है. कार्यक्रम को किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर, मोर्चे के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने भी संबोधित किया. इस दौरान खण्डेलवाल ने कहा कि किसान मोर्चा के पास दोहरी जिम्मेदारी है. पहली जिम्मेदारी यह है कि वह किसानों की समस्याओं को सुने और उनका शासन-प्रशासन से बात कर हल कराए.

किसान मोर्चा की दूसरी जिम्मेदारी यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के कल्याण व आर्थिक विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाएं. किसान मोर्चा को जमीनी स्तर पर ऐसा कार्य करना है कि किसानों को अपनी समस्या को लेकर परेशान न होना पड़े. मध्यप्रदेश में किसानों के हितों को लेकर जितने भी कार्य हुए हैं, योजनाएं बनाई गई हैं, वह सभी कार्य वर्ष 2003 में मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद हुए हैं.

# साइबर क्राइम ने जारी की एडवाइजरी

**भोपाल, 11 नवंबर. डिजिटल अरेस्ट की जानकारी को लेकर साइबर क्राइम भोपाल ने एडवाइजरी जारी की है. बताया गया है कि डिजिटल अरेस्ट एक साइबर फ्रॉड है, जिसमें अपराधी खुद को पुलिस, सीबीआई, इनकम टैक्स या कस्टम अधिकारी बताकर वीडियो कॉल या फोन कॉल के जरिए लोगों को धमकाते हैं कि उन्होंने कोई अपराध किया है और उन्हें 'डिजिटल रूम से' गिरफ्तार किया जा रहा है. इसके बाद वे पैसे ट्रांसफर करने का ट्याव बनाते हैं.**

### सुरक्षित रहने के लिए ये करें उपाए

- अनजान नंबर से आए कॉल या वीडियो कॉल पर भरोसा न करें.
- कोई भी सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल पर गिरफ्तारी नहीं करती.
- अगर कोई खुद को अधिकारी बताकर पैसे मांगता है, तुरंत कॉल काटें.
- कभी भी अपने बैंक डिटेल्स, ओटीपी या यूपीआई पिन किसी से साझा न करें.
- अगर कोई कॉल पर डराने की कोशिश करे, तो नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करें.
- एनपीसीआई की सलाह के अनुसार, ऐसे कॉल्स को तुरंत रिपोर्ट करें और ब्लॉक करें.
- जागरुक रहें, सुरक्षित रहें.
- अपने परिवार, खासकर बुजुर्गों को इस स्कैम के बारे में जानकारी दें.
- सोशल मीडिया पर इस तरह की घटनाओं को साझा करके दूसरों को भी भी सतर्क करें.
- किसी भी कानूनी कार्रवाई की धमकी मिलने पर घबराएं नहीं, पहले सत्यापन करें और पुलिस से संपर्क करें.

# दामाद ने ससुर पर छुरी से किया जानलेवा हमला

**भोपाल, 11 नवंबर. थाना स्टेशन बजरिया पुलिस ने ससुर को छुरी मारकर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया. आरोपी अपनी पत्नी को मायके से लेने आया था. आरोपी की पत्नी ने मायके से साथ न चलने पर विवाद करना शुरू किया था.**

विवाद के दौरान ही आरोपी के ससुर ने बीच-बचाव किया था. गुस्से में आरोपी ने ससुर के पेट पर छुरी से हमला कर दिया. हमला होने से पीडित लहुलुहान हो गया. घायल को परिजनों ने हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज जारी है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को हमीदिया अस्पताल से मामले की सूचना मिली. घायल के परिजनों ने बताया कि उनके दामाद सैयद परवेज ने अपने ससुर के पेट पर छुरी से वार किया. घालल का इलाज जारी है. घायल अवस्था में फरियादी नसीर हुसैन के बयान के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की.

# लूट व चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

## एएसपी सुजीत सिंह ने किया खुलासा



**दमोह, 11 नवंबर.** लूट का खुलासा व अन्य जिलों की मोटरसाइकिल सहित चोरी के आरोपियों को बड़ी मशक्कत कर पकड़ने में देहात थाना पुलिस को सफलता मिली है. जबलपुर नाका स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई मनीष कुमार, थाना दमोह देहात प्रभारी रचना मिश्रा की मौजूदगी में खुलासा कर बताया कि 3 नम्बवर 2025 को विश्राम अठ्या निवासी दमोह (आटो चालक) जो अपने गांव से दमोह वापिस आ रहा था, रात्रि करीब 1.30 बजे व विनोद यादव थाना किशनगढ़, छतरपुर का अपने ऑटो से दमोह से हटा तरफ जा रहा था, तभी मानपुर तिराहा हटा रोड पर तीन अज्ञात लड़कों द्वारा पहले एक ऑटो को रोककर उसके साथ मारपीट कर उसके 3000 रूपये व ऑटो की चाबी छीनी बाद हटा तरफ से आ रहे दूसरे ऑटो को रोककर मारपीट कर एक मोबाइल व ऑटोरिक्शा की चाबी छीनकर भाग गये.दोनो फरियादी द्वारा थाना दमोह देहात पर सूचना देने पर अपराध क्र. 781/25 धारा-309(6) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया.

# बीयू की परीक्षा में नकल रोकने होगी हाइटेक निगरानी व्यवस्था

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 11 नवंबर. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की स्नातक की परीक्षाएं 17 नवंबर से शुरू होने जा रही हैं. परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और नकलमुक्त बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस बार सख्त और हाइटेक निगरानी व्यवस्था लागू की है.**




बीयू ने तीन विशेष उड़नदस्ते गठित किए हैं, जो परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगे और किसी भी अनियमितता पर तुरंत कार्रवाई करेंगे. विश्वविद्यालय को पिछली परीक्षाओं में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, मोजों और रूमाल में छिपाई गई पर्चियों के माध्यम से नकल के कई मामले मिले थे. इन घटनाओं को देखते हुए ही प्रशासन ने इस बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाया है. सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले सघन जांच से गुजरना होगा. पूरक परीक्षाओं के लिए सात जिलों में कुल 54 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 254 कॉलेजों के लगभग 35 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे. भोपाल में हमीदिया कॉलेज, मोतीलाल विज्ञान कॉलेज, श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज, नवीन कॉलेज, शासकीय बाबूलाल गौर कॉलेज, सेफिया साइंस कॉलेज, स्वामी विवेकानंद कॉलेज और गांधी पीआर कॉलेज प्रमुख परीक्षा केंद्र रहेंगे.

बीयू प्रशासन के अनुसार, यह पूरक परीक्षा मूल रूप से अगस्त में आयोजित की जानी थी, लेकिन वार्षिक परीक्षा परिणाम देर से आने के कारण इसे अब नवंबर में कराया जा रहा है. पिछली परीक्षाओं के दौरान उड़नदस्तों की टीमों ने 100 से अधिक नकल प्रकरण दर्ज किए थे. इस बार भी विश्वविद्यालय ने सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखने और किसी भी प्रकार की नकल के प्रयास पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं.

## आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिए दिए निर्देश

**सतना.** पर्यावरण सुरक्षा के लिए ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों विशेषत: धान एवं गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया है।

जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर डॉ. सतीश एवं मैहर रानी बाटड द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुए पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पार्क में पेड़ पर लटका मिला शव

## मार्निंग वॉक पर गए लोगों ने दी पुलिस को सूचना

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 11 नवंबर. चूनाभट्टी स्वर्णजयंती पार्क में एक अनजान व्यक्ति का शव पेड़ पर लटका मिला. मंगलवार की सुबह पार्क में वॉक के लिए गए लोगों ने शव को देखा. लोगों ने इसकी जानकारी तुरंत ही पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है.**



कांग्रेस नेता अवनीश सिंह बुंदेला ने घटना को लेकर बताया कि पार्क में सुबह के समय छोटे गेट के पास एक पेड़ पर शव देखा गया. घटना स्थल के पास ही एक सांची कॉर्नर भी संचालित है. उसके नजदीक एक अनजान व्यक्ति का शव पेड़ की डाल पर लगे फांसी के फंदे पर लटकता मिला.

घटना को लेकर चूनाभट्टी थाना पुलिस अब यह जांच कर रही है कि मृतक की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की थी. मिली जानकारी के अनुसार शव को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि व्यक्ति ने आत्महत्या की है, घटना स्थल के पास ही एक बिस्तर लगा मिला और वहीं पर ही एक बैग में कुछ सामान भी बरामद हुआ.

# मोबाइल की दुकान में चोरी करने वाला निकला नाबालिग

### शौक पूरा करने के लिए करता था चोरी

**भोपाल, 11 नवंबर. निशातपुरा थाना क्षेत्र में मोबाइल दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देने वाला नाबालिग निकला. काउंसिंग में उसने बताया कि मोबाइल का शौक पूरा करने के लिए उसने चोरी की वारदात की. पुलिस ने चोरी गए दो मोबाइल फोन को बरामद किए है, जिनकी कीमती 35 हजार है.**

नाबालिग को बाल कल्याण समिति भेजा जाएगा. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करोंद में मोबाईल दुकान के संचालक रोहित जैन (35) ने मोबाइल चोरी की रिपोर्ट की थी. जैन ने बताया कि अज्ञात लड़के ने दुकान के काऊंटर पर रखे दो नये मोबाईल फोन चोरी कर लिए है , जो सीसीटीव्ही के कैमरे में चोरी करते दिख रहा है. दुकान संचालक और उसके स्टाफ ने उस लडके की बहुत तलाश की पर वह नहीं मिला. इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस में की गई.

# हत्या के आरोपियों को 24 घंटों में किया गिरफ्तार

**दमोह, 11 नवंबर.** सिटी कोतवाली पुलिस ने हत्या के आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है.शिवा उर्फ अखिल चौरसिया उम्र 21 साल पता पुराना थाना दमोह ने उसके व उसके दोस्त सुमित जैन के साथ आरोपी आकाश पाठक, शुभम पाठक व अंकुर राजपूत के द्वारा जान से मारने के लिए चाकू से हमला करने की रिपोर्ट लेख करायी गयी थी, जिसकी रिपोर्ट पर थाना कोतवाली दमोह नें मौके पर कार्यवाही करते हुए केस दर्ज किया था तथा आहत सुमित जैन की हालत गंभीर होने से जबलपुर रिफर किया गया था. जिसकी रास्ते में ही मृत्यु हो गई. जिससे प्रकरण में धारा 103(1) बीएनएस का ईजाफा किया गया. घटना गंभीर प्रकृति से पुलिस अधीक्षक के दूरभाष से प्राप्त निर्देशानुसार तथा अति. पुलिस अधीक्षक,नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु थाना प्रभारी कोतवाली को निर्देशित किया गया था.जो आरोपीगणों की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर विशेष टीम का गठन किया गया.




उपलब्धि — राष्ट्रीय कालिदास चित्र-मूर्तिकला सम्मान 2025 दिया गया

# प्रतिभाशाली छात्र आर्यन को किया सम्मानित

**भोपाल, 11 नवंबर. अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय में चित्रकला विभाग के प्रतिभाशाली छात्र आर्यन साहू को मात्र 22 वर्ष की आयु में प्रतिष्ठित कालिदास सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है.**



यह सम्मान उन्हें मध्यप्रदेश शासन के मंत्री गौतम टेटवाल जी (राज्य मंत्री – कौशल विकास एवं रोजगार विभाग), सांसद अनिल फिरोजिया जी, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा जी, जिला कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, तथा कालिदास अकादमी के निदेशक एवं विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया. इस सम्मान के साथ आर्यन साहू को 1,00,000 की सम्मान राशि भी प्रदान की गई. आर्यन साहू ने इस उपलब्धि को अपने परिवार, शिक्षकों, मित्रों और कला के प्रति अपनी निष्ठा को समर्पित किया तथा कहा कि यह उनके जीवन का अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है. अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. देव आनंद हिंडोलिया ने आर्यन साहू को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा विश्वविद्यालय को अपने ऐसे प्रतिभाशाली छात्र पर गर्व है. आर्यन ने परिश्रम और रचनात्मकता के बल पर यह सिद्ध किया है कि युवा कलाकारों में अपार संभावनाएं हैं. उनकी यह उपलब्धि आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी. इसके साथ ही विश्वविद्यालय के कुल सचिव शैलेन्द्र जैन ने भी आर्यन साहू को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और कहा कि आर्यन की यह उपलब्धि अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है.

उनकी कला साधना और समर्पण ने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है. चित्रकला विभाग के प्रभारी डॉ. अमित सोनी ने भी आर्यन साहू को बधाई देते हुए कहा कि उनके उत्कृष्ट कला कौशल और सृजनशीलता ने विभाग का गौरव बढ़ाया है. विभाग की अतिथि शिक्षक विद्वान डॉ. वंदना शर्मा ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की. विश्वविद्यालय परिवार ने भी आर्यन साहू की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की.